## सार-समाचार

### गोल्डन ऐरो कब बुलबुल प्रशिक्षण

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय उदयपुर के तत्वाधान में जिला स्तरीय चतुर्थ चरण कब एवं हीरक पंख बुलबुल, गोल्डन ऐरो कब बुलबुल प्रशिक्षण शिविर 12 से 14 फरवरी तक उदयनिवास पर आयोजित किया गया। समापन समारोह महाराणा मेवाड़ विधा मंदिर स्कूल अंबामाता की प्रधानाचार्य प्रतिमा शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। डॉ धर्मपाल सिंह डूडी महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के ग्रुप लीडर एवं रोवर लीडर डॉ धर्मपालसिंह डूडी तथा अभिनव शिक्षण संस्थान के निदेशक सुरेन्द्र रावल व कुशल रावल विशिष्ट अतिथि रहे। सी. ओ. स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने बताया कि शिविर में महाराणा विधा मंदिर स्कूल, राकवुडस हाई स्कूल, अभिनव स्कूल, बी एन पब्लिक स्कूल,मिकेडो ग्लोबल स्कूल, हैप्पी होम स्कूल के 150 कब बालकों तथा 145 बालिकाओं ने भाग लिया। शुरुआत में अतिथियों का स्काउट आंदोलन का स्कार्फ पहनाकर तथा मेवाड़ी परंपरा अनुसार उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया। कब विभाग के प्रधान शिविराधिपति सी ओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे थे तथा बुलबुल विभाग की शिविराधिपति सी ओ गाइड अभिलाषा मिश्रा थी। चतुर्थ चरण कब शिविर का संचालक कुंज बिहारी मेनारिया वरिष्ठ ट्रेनिंग काउंसलर ने किया, हीरक पंख बुलबुल शिविर का संचालन अंजना शर्मा लीडर ट्रेनर ने किया। पाण्डे ने बताया कि शिविर मे प्रथम चरण से गोल्डन ऐरो तक के सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण और परीक्षण के साथ ही आंदोलन की जानकारी, नियम, प्रतिज्ञा, चिन्ह, सैल्यूट, आदर्श वाक्य, जंगल बुक की मोगली कहानी, वीर गर्जना, विशाल गर्जना,बी पी सिक्स, यूनिफार्म, दक्षता बैज, टैस्ट कार्ड, लाल फूल, सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम, विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं पैपर कटिंग,पैपर मेशी, कले आर्ट, ड्राइंग, निबंध, भाषण सहित मेंढक कूद, बगड़ चलाना,तारा की कहानी,घेरे के गीत आदि का प्रशिक्षण और जांच कुशल और दक्ष प्रशिक्षकों ने दिया। मुख्य अतिथि पद से संभागियो को संबोधित करते हुए प्रतिमा शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बालक बालिकाओं को स्काउटिंग की महत्ता निश्चित तौर पर सुनागरिक की और ले जाने का सशक्त माध्यम है। शिविर में सीखे गए अनुशासन, समय की पाबंदी तथा व्यक्तित्व निर्माण के टिप्स की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गतिविधि हरेक स्कूल में चलना आवश्यक है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**उदयपुर।** पंचायती राज चुनावों से पहले गोगुंदा विधानसभा की सायरा पंचायत समिति में कांग्रेस को तगडा झटका लगा है।जिलाध्यक्ष उदयपुर देहात पुष्कर तेली ने यहां अपनी कूटनीति और राजनीतिक कौशल का परिचय देते हुए खेलते हुए कांग्रेस के साथ खेला कर दिया है । शनिवार को सायरा पंचायत समिति के कांग्रेस के निवर्तमान प्रधान सवाराम गमेती समेत पांच सरपंचों रोडा राम गमेती भानपुरा,सामल सरपंच प्रकाश गमेती, सिंघाड़ा सरपंच फुलाराम गमेती,गायफल सरपंच वालाराम गमेती, कडेच पूर्व सरपंच हंसा राम गमेती सहित 101 कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ भाजपा में सम्मिलित हुए। उदयपुर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली एवं गोगुंदा विधायक प्रताप लाल गमेती ने भाजपा का उपरणा पहना कर सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की अराष्ट्रीय ओर देश विरोधी मानसिकता, देश की सेना, देश के गरीबों, किसानों के प्रति संवेदहीनता के चलते कांग्रेस के कार्यकर्ता दुखी हैं और आने वाले समय में कांग्रेस में राष्ट्रवादी सोच रखने वाले लोगों का भाजपा में आना बडे पैमाने पर होगा।

### रिलायंस स्मार्टबाजार से सामान चोरी

**उदयपुर।** शहर के सुखेर थाना पुलिस ने रिलायंस स्मार्टबाजार के कर्मचारियों के खिलाफ लाखों का सामान चोरी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अर्जुन पुत्र कैलाश तोमर ऑल सिक्योरिटी स्टोर मैनेजर इंचार्ज सेलीब्रेशन मॉल रिलायंस स्मार्ट बाजार ने कंपनी में काम करने वाले अनुराधा कुंवर मोहित मीणा, अंजली हरिजन, नरेश मेघवाल, आरती मीणा सहित अन्य कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपियों ने नौकरी करने के दौरान अक्टूबर 25 मैं आरोपियों की गतिविधि संदिग्ध होने पर नौकरी से निकाल दिया। इसके बाद जांच की तो 14 लाख का सामान चोरी करने की पुष्टि होने पर प्रकरण दर्ज करवाया। मामले की जांच हेडकांस्टेबल जसवन्त सिंह मायदा कर रहे है।

### जेल प्रहरी को धमकाने का मामला

**उदयपुर।** शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने जेल प्रहरी की रिपोर्ट पर बंदी के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवीसहाय शर्मा पुत्र कैलाश्चंद्र निवासी द्वारपुरा थाना केलवा दौसा हाल प्रहरी उदयपुर जेल ने अरदीन उर्फ लाला पुत्र रशीद खां के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 12 फरवरी को मेरी ड्यूटी बैरक नंबर 1 से 4 पर थी। बंद होने के दौरान जुवेनाईल वार्ड नं. 19 का विचाराधीन बंदी अरदीन उर्फ लाला पुत्र रशीद ने फाटक खोल ऊपर जाने के लिए कहा। इस पर इनकार करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी तथा बाहर निकलने पर भाई को सूचना कर हत्या कराने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई तेजसिंह कर रहे है

### शेखावत करेंगे श्रीनाथजी के दर्शन

**कउदयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत अपने उदयपुर दौरे के दौरान रविवार को नाथद्वारा और एकलिंग जी के प्रवास पर रहेंगे। शेखावत रविवार सुबह सर्किट हाउस से प्रस्थान कर नाथद्वारा पहुंचेंगे। वहां श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन कर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात एकलिंग जी मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे। शेखावत पुनः उदयपुर लौट स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लें रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे।

### पुलिस और वनकर्मियों ने आदिवासी महिलाओं को पीटा

**उदयपुर, (का.स.)** ।उदयपुर जिले के पानरवा क्षेत्र की महिलाओं ने पुलिस और वनकर्मियों पर मारपीट करने और झोपडों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। महिलाओं का कहना है कि वे घर के बाहर बैठी थी। तब ही दो पुलिसकर्मी और कुछ वनकर्मी जीप में आए और गाली.गलौच कर मारपीट करना शुरू कर दिया। एक महिला को लात भी मारी। मामले को लेकर महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची और संभागीय आयुक्त और कलेक्टर को ज्ञापन देकर शिकायत की जिसमें दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई । अंबासा गांव की कोदरनाल फला निवासी मोरी बुम्बडिया के साथ महिलाएं और रिश्तेदारों का एक प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन देने पहुंचा। ज्ञापन में बताया कि मामला 12 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे का है।महिला ने आरोप लगाया कि दो पुलिसकर्मियों ने उसे लाठी से मारा और एक वनकर्मी ने एक अन्य महिला को लात भी मारी। घरों के अंदर घुसकर बर्तन,आटा, बिस्तर,कपडे इत्यादि भी बाहर फेंक दिए। झोपडों को भी नुकसान पहुंचाया।ज्ञापन में बताया कि एक वनकर्मी ने 2 महीने के बच्चे को भी नीचे गिरा दिया। इस दौरान डरकर 3 साल और 2 साल का बच्चा जंगल में भाग गए। करीब 26 घंटे बाद बच्चे मिले। महिला के रिश्तेदार बाबूलाल ने बताया कि करीब 25 से 30 परिवार कोदरनाल की जमीन पर सालों से रह रहे है। खेती कर अपना भरण.पोषण कर रहे है। अब उनको हटाने के लिए इस तरह परिवारों को घरों से बाहर निकाल देना और मारपीट करना गलत है। उदयपुर के कम्युनिस्ट नेता राजेश सिंघवी ने बताया कि पीड़ित परिवार एसपी से मिला और पूरा मामला बताया। परिवार ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर रेंजर राजेश कुमार का कहना है कि परिवार दूसरी जगह से आकर वन भूमि पर झोपडे बनाकर रह रहा है। उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू की तो वन कर्मियों और पुलिस पर हमला कर दिया।

### झीलों की नगरी में रिकॉर्ड, 2.44 लाख पर्यटक आए जनवरी में

**उदयपुर, (का.स.)** ।झीलों की नगरी उदयपुर में वर्ष 2०26 की शुरुआत शहर के लिए पर्यटन के लिहाज से काफी सुखद रही है। पर्यटन विभाग द्वारा जारी ताजा आंकडों के अनुसार पिछले महीने जनवरी में ही उदयपुर में 2 लाख 44 हजार 558 टूरिस्ट घूमने पहुंचे। इसमें 2 लाख 25 हजार से ज्यादा घरेलू टूरिस्ट थे,जबकि 19 हजार 558 विदेशी मेहमानों ने यहां की झीलों और महलों की खूबसूरती को निहारा।

# स्वच्छता से धर्म नगरी नाथद्वारा को देश का प्रमुख धार्मिक और पर्यटक स्थल बनाएँगे : के.के. गुप्ता

■ राजसमंद में स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर गुप्ता ने जिले के निकायों की बैठक ली

**डूंगरपुर।** मार्बल नगरी और धर्म नगरी के नाम से विख्यात राजसमंद जिला स्वच्छता के सभी मापको को पुरा करके प्रदेश और देश की स्वच्छता मे प्रमुख स्थान बनाएगा। ये बात प्रदेश के स्वच्छ ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता ने राजसमंद की नगर परिषद के सभागार में जिले के निकायों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे। बैठक में गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है और हम सभी को पता है कि नाथद्वारा पूरी दुनिया में श्रीनाथ जी की नगरी से जानी जाती है, पर भगवान की नगरी मे अगर गंदगी रहेगी तो तीर्थ स्थलों पर श्रदालु और पर्यटकों की सख्या मे कमी आएगी। बैठक में गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के समृद् और विकसित राजस्थान के सपने मे नगरी निकायों को भी योगदान देना है। आज प्रदेश दूसरे प्रदेशों की तुलना मे विकास की राह पकड रहा है, राईजिंग राजस्थान में करोडों रुपए के एमओयू हुए और इससे शहरों के साथ प्रदेश का पूर्ण विकास होंगा।

नगरी निकायों को अपने शहरों को स्वच्छ रख मुख्यमंत्री मंत्री के विजन को पूर्ण करने मे सहयोग करना है। बैठक में नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय ने गुप्ता का स्वागत कर आश्वस्त किया कि जिले की समस्त निकाय स्वच्छता के मापको को पूर्ण करने का पुरा प्रयास किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि पिछले दो साल से जिले की नाथद्वारा निकाय स्वच्छ सर्वेक्षण मे अच्छे से काम कर रही है। राजसमंद ने भी अब रफ्तार पकडी है पर स्वच्छता को धरातल पर उतारना होंगा। स्वच्छता मे केवल खाना पूर्ति न करे, बल्कि स्वच्छता के सभी मापको पर काम करे। उन्होंने सडको पर पशु न गुमे उसके लिए आमजन को पशुओ को खुला न छोडने के लिए समझाए।

खाली पडे भूखंड पर सफाई करावे, शहर में गंदगी पर जुर्माना लगावे। शत प्रतिशत कचरे का संगृहण कर उसका पूर्ण निस्तारण करावे। गुप्ता ने कहा कि हमारे काम की हमे ही मॉनिटरिंग करनी पडेगी, लोगो को लगना चाहिए कि अब नगर परिषद भी स्वच्छता को लेकर सक्रिय है। आमजन को इस अभियान से जोडे, गंदगी करने वाले और कचरा पात्र नही रखने पर जुर्माना लगाओ। अधिकारी की स्वच्छता के प्रति सक्रियता से कर्मचारी और आमजन की मानसिकता मे परिवर्तन आएगा। रात्रि कालीन स्वच्छता को भी शुरू करवाए। समय समय पर अच्छा काम करने पर कर्मचारी और सफाई कर्मचारी को सम्मानित करे। बैठक में नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, अधिशाषी अभियंता तरुण बाघते, शंकर नमेरिवाल, गिरिराज माली, भगवतीलाल, दिनेश खोखर, सुरेश अग्रवाल सहित नाथद्वारा, आमेट और देवगढ के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय शिवरात्रि मेला आज से

**छबड़ा (निसं)।** नगर में स्थित नागेश्वर पहाड़ी पर नगर पालिका द्वारा पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार गहलोत ने बताया की महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागेश्वर रंग मंच पर आज से पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, 15 फरवरी को स्कूली बच्चों के द्वारा रंग रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, 16 फरवरी को फूल होली, गोरबंद, 17 फरवरी को राजस्थानी लोक नृत्य, 18 फरवरी को लाफ्टर शो व 19 फरवरी को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण समय की मांग : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर ।** दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण और व्यावहारिक हस्तक्षेप समय की मांग है। यह बात शुक्रवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के अंतर्गत डिपार्टमेंट ऑफ रिहेबिलिटेशन साइंसेज, माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी सांयकालीन महाविद्यालय द्वारा आरसीआई, नई दिल्ली से अनुमोदित तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो.(कर्नल) शिव सिंह सारंगदेवोत ने कही। कार्यक्रम के समन्वयक एवं डीन डॉ. एस.बी. नागर ने बताया कि कार्यक्रम का विषय दिव्यांगता, हस्तक्षेप एवं समावेशन रहा, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकार, मनोवैज्ञानिक पहलुओं और समावेशी शिक्षा के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा करना था। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. सारंगदेवोत ने समावेशी समाज की आवश्यकता पर बल दिया। प्रथम दिवस जोधपुर की डॉ. नीता जैन ने दिव्यांगजन को प्रभावित करने वाले मनोवैज्ञानिक कारकों तथा भेदभाव के कारण उन पर पडने वाले भावनात्मक प्रभावों की विस्तृत व्याख्या की। डॉ. सुशील रोहिवाल ने समावेशन के लिए आवश्यक मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों तथा समाज के नकारात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। डॉ. सुनील आग्रहारी ने समावेशी शिक्षा के उद्देश्य, मूल्यों और समावेशन में आने वाली बाधाओं को स्पष्ट किया। आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज के डॉ. आर.के. शर्मा ने व्यक्तियों में चिंता तथा समाज द्वारा बहिष्कार के डर से उत्पन्न मानसिक प्रभावों की विस्तार से चर्चा की। कोटा के विजेंद्र सिंह नरुका ने समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के समावेशन के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. एस.बी. नागर ने दिव्यांगजनों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने वाले कारकों पर प्रकाश डाला।

# ‘जिंक फुटबॉल में सफलता के सभी तत्व मौजूद’

**उदयपुर।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान विक्टर अमलराज ने हाल ही में जावर स्थित हिंदुस्तान जकिं की जकिं फुटबॉल अकादमी (जेडएफए) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने युवा फुटबॉलरों और कोचों से बातचीत की और अकादमी द्वारा किए जा रहे बुनियादी ढांचे, सुविधाओं और जमीनी स्तर पर विकास कार्यो से बेहद प्रभावित हुए। भारतीय फुटबॉल जगत में एक सम्मानित हस्ती और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के तकनीकी तंत्र से घनिष्ठ रूप से जुडे अमलराज ने अपने शानदार करियर के बहुमूल्य अनुभव साझा किए। अपने करियर में अमलराज ने मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग जैसे प्रतिष्ठित क्लबों का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ भारतीय राष्ट ीय टीम की कप्तानी भी की। उन्होंने जेडएफए के खिलाडयिों से आधुनिक फुटबॉल की मांगों, विकास के रास्तों और मजबूत जमीनी स्तर की संरचनाओं के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने कहा, शानदार बुनियादी ढांचा, प्रतिभाशाली युवा फुटबॉलर और जोशीले कोच - जिंक फुटबॉल में सफलता के सभी गुण मौजूद हैं। यहां जो काम हो रहा है वह उत्कृष्ट है। भारतीय फुटबॉल के भविष्य के लिए इतनी मजबूत नींव बनाने में हिंदुस्तान जिंक का प्रयास सराहनीय है। इस दौरे के दौरान, अमलराज ने प्रशिक्षण मैदान पर जेडएफए के युवा लडके-लडकियों के साथ गहन बातचीत की और उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, रणनीतिक सुझाव और प्रेरणादायक बातें दीं। भारत के पूर्व कप्तान ने जिंक फुटबॉल अकादमी की सुविधाओं का दौरा किया और अकादमी की अभिनव एफ-क्यूब तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव किया - यह द फुटबॉल लिंक की एक पेटेंट तकनीक है, जो खिलाडी की निगरानी, प्रदर्शन विश्लेषण और समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2018 में अपनी स्थापना के बाद से, एआईएफएफ द्वारा 3-स्टार रेटिंग प्राप्त जिंक फुटबॉल अकादमी ने लगातार भारत की आयु-वर्ग टीमों के लिए खिलाडी तैयार किए हैं, जिससे देश की प्रतिभाओं का भंडार मजबूत हुआ है। साहिल पूनिया, मो. कैफ और प्रेम हंसदक के राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद, हाल ही में प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी के लिए छह जेडएफए खिलाड़ियों का चयन अकादमी की भारतीय फुटबॉल के विकास में सार्थक योगदान देने की निरंतर प्रतिबद्धता में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

## कटारिया कल करेंगे जनसुनवाई

**उदयपुर** ।पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया 16 फरवरी को प्रातः 8 बजे इंडिगो फ्लाइट से उदयपुर में डबोक एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे जहां पर प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं नागरिकों द्वारा स्वागत किया जाएगा।भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि कटारिया एयरपोर्ट से सीधे पूर्व पार्षद हेमंत बोहरा के निधन पश्चात उनके परिवार जनों को संबल प्रदान करने हिरण मंगरी सेक्टर 3 स्थित उनके निवास पहुंचेंगे।तत्पश्चात राज्यपाल 11 बजे सर्किट हाउस पहुंच जनसुनवाई करेंगे।अपरान्ह 4 बजे सज्जनगढ पहुंच सरीसृप बचाव केंद्र और शेर सफारी का उद्घाटन करेंगे।

तत्पश्चात रात्रि विश्राम उदयपुर करेंगे। अगले दिन 17 फरवरी प्रातः 9 बजे फील्ड क्लब पहुंचे पीआईएमएस मेवार क्लब क्रिकेट कप के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया।

# डेढ़ वर्ष से लापता व्यक्ति का अपना घर आश्रम में हुआ परिजनों से मिलन

■ लावारिस, एवं बीमार अवस्था में मिले व्यक्ति को रेस्क्यू कर आश्रम में सेवाए उपचार किया

**उदयपुर ।** डेढ़ वर्ष से लापता एक व्यक्ति का शनिवार को अपना घर आश्रम उदयपुर में परिजनों से भावुक मिलन हुआ। अपना घर आश्रम उदयपुर में सेवाए संवेदना और समर्पण का एक और प्रेरक उदाहरण देखने को मिलाए जब लगभग डेढ वर्ष से लापता अशोक का उनके परिजनों से भावुक मिलन हुआ।आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने बताया कि 16 अक्टूबर 2024 को अपना घर आश्रम उदयपुर की रेस्क्यू टीम द्वारा ठोकर चौराहा,उदयपुर से एक लावारिस, एवं बीमार अवस्था में मिले व्यक्ति को रेस्क्यू कर आश्रम में सेवाए उपचार एवं पुनर्वास हेतु भर्ती किया गया। निरंतर सेवाए उपचार से उनकी मानसिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इस दौरान उन्होंने अपना नाम अशोक निवासी ग्राम देवास, मध्यप्रदेश बतायाए किंतु अन्य कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी। आश्रम प्रभारी सुल्तानसिंह द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन, देवास को सूचना देकर फोटो साझा किया गया,जिस पर पुलिस द्वारा परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा परिजनों को अशोक के अपना घर आश्रम उदयपुर में होने की जानकारी मिली। इसके पश्चात वीडियो कॉल के माध्यम से अशोक की उनके भाई से बात करवाई गई। शुक्रवार को अशोक के बडे भाई बाबूलाल परमार,भाभी लीलाबाई एवं भतीजे संदीप उन्हें लेने अपना घर आश्रम उदयपुर पहुंचे। बाबूलाल परमार ने बताया कि मानसिक अस्वस्थता के कारण उनका छोटा भाई लगभग डेढ वर्ष पूर्व बिना बताए घर से चला गया था जिसकी लगातार तलाश की गई, परंतु कोई सुराग नहीं मिला। हाल ही में सिटी कोतवाली देवास से मिली सूचना पर वे परिवार सहित उदयपुर पहुंच आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया एवं सचिव अशोक कोठारी द्वारा अशोक को तिलक लगाकर,उपरणा पहनाकर एवं सम्मानपूर्वक उनके परिजनों के साथ सकुशल घर के लिए विदा किया गया।

# अन्नपूर्णा रसोई के संचालन में मिली भारी गड़बड़ी

■ सभी संबंधित संचालक फर्मो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

**उदयपुर ।** आमजन को रियायती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्नपूर्णा रसोई के तहत चल रहे रसोई घरों का शनिवार को नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं जिस पर आयुक्त ने कडी नाराजगी जताते हुए सभी संबंधित संचालक फर्मो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि कुछ समय से अन्नपूर्णा रसोई घरों के संचालन में कमियों को लेकर शिकायत प्राप्त हो रही थी इसी की जांच को लेकर जिला परियोजना अधिकारी शैल सिंह सोलंकी को शहर के विभिन्न वार्डो में संचालित अन्नपूर्णा रसोई केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। अधिकारी द्वारा 27 जनवरी एवं 30 जनवरी को निरीक्षण दिया तब शिकायतों की पुष्टि हुई ओर फर्म को नोटिस जारी किए। इसी कडी में शनिवार को आयुक्त खन्ना द्वारा फिर से औचक निरीक्षण किया गया। आयुक्त सर्व प्रथम मल्लाहतलाई स्थित अन्नपूर्णा रसोई घर पहुंचे तो स्थिति देख दंग रह गए, रसोई घर में खाना बनाया हुआ ही नहीं था जबकि 100 से अधिक लाभार्थियों के नाम से कूपन जारी कर रखे थे। मौके पर पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री भी उपलब्ध नहीं थी और न ही रसोई में भोजन पकाने की प्रक्रिया चल रही थी। मल्लाहतलाई अन्नपूर्णा रसोई घर निरीक्षण पश्चात निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना सेवाश्रम पुलिया एवं खेमपुरा सुन्दरवास स्थित रसोई घर पहुंचे। वहां उन्हें गलत आधार कार्ड का इंद्राज किया हुआ पाया, मौके की स्थिति का सत्यापन कर दस्तावेजों और ऑनलाइन प्रविष्टियों की जांच कीए जिसमें स्पष्ट अंतर पाया गया, भौतिक सत्यापन में लाभार्थियों की संख्या में भी अनियमितता पाई गई। आयुक्त ने मौके पर ही जिला परियोजना अधिकारी को तीनों कार्यकारी एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई योजना राजस्थानसरकार की जनकल्याणकारी योजना है जिसमें मजदुर वर्ग, अल्प आय वर्ग के साथ ही कोई भी व्यक्ति मात्र 8 रुपए में भरपेट भोजन प्राप्त कर सकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं हो सकती है। तीनों कार्यकारी एजेंसियों द्वारा किए गया कृत को गंभीर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता मानते हुए सख्त कार्यवाही की गई है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना द्वारा शनिवार को अन्नपूर्णा रसोई घर के औचक निरीक्षण करने पर अनियमित मिलने पर तीनों संचालक फर्म को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट करने के साथ 1 लाख रुपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए है।

## अमेरिका और एम्स के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के शिशु शल्य चिकित्सा विभाग एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स (आईएपीएस) राजस्थानी चौप्टर के संयुक्त तत्वावधान में ‘हैंड्स ऑन एमआईएस पीडियाट्रिक एंड नियोनेटल वर्कशॉप‘ का आयोजन 16 फरवरी से पीएमसीएच में किया जाएगा। 20 फरवरी तक चलने वाली इस पॉच दिवसीय कार्यशाला में देश विदेश के पीडियाट्रिक सर्जन्स भाग लेगें। साथ ही एम्स जोधपुर के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. राहुल सक्सेना, नई दिल्ली के रेनबो चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल के डॉ. नियाज खान, कोटा के डॉ. समीर मेहता और वाराणसी की डॉ. चारु यादव जैसे वरिष्ठ विशेषज्ञ गेस्ट फैकल्टी बतौर शिरकत करेगें। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को ड्राई लैब वीडियो सेशन, लाइव ऑपरेशन ट्रांसमिशन और इंटरैक्टिव सेशन के साथ ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग में ख्याति प्राप्त पीडियाट्रिक सर्जन से सीखने का मौका मिलेगा।

## सार-समाचार

### दो दिवसीय लाइव सर्जरी

**उदयपुर ।** गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, उदयपुर के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग की ओर से शनिवार को एडवांस्ड जायगोमैटिक इम्प्लांटोलॉजी एंड इमीडिएट इम्प्लांट दो दिवसीय लाइव सर्जरी कोर्स का शुभारंभ हुआ। पहले दिन आज देशभर से आए 35० प्रोस्थोडॉन्टिस्ट, ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन, पेरियोडॉन्टिस्ट ,फैकल्टी मेम्बर्स, पीजी एवं युजी स्टूडेंट्स ने भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जायगोमैटिक इम्प्लांट की उन्नत तकनीकों, इमीडिएट लोडिंग प्रोटोकॉल, टेरिगॉइड इम्प्लांट्स, जटिल क्लिनिकल परिस्थितियों में ट्रीटमेंट प्लानिंग तथा डिजिटल इम्प्लांटोलॉजी पर विस्तृत वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए। लाइव सर्जरी डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को जटिल केस मैनेजमेंट की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई, जिससे उन्हें आधुनिक इम्प्लांट डेंटिस्ट्री की नवीनतम तकनीकों को समझने का अवसर मिला । इम्प्लांट प्रोग्राम के मुख्य अतिथि गीतांजली ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम उन्नत एवं आधुनिक इम्प्लांट दंत चिकित्सा तकनीक प्रगति के प्रतीक हैं, विशेषकर जटिल क्लिनिकल परिस्थितियों के उपचार में। कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यान, लाइव सर्जिकल डिमॉन्स्ट्रेशन तथा हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्रों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल प्रदान किया। यह आयोजन फेस्ट सिनैप्स 2026 के दौरान संपन्न हुआ, जो संस्थान की एकता, रचनात्मकता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। इस पहल के माध्यम से संस्थान ने दंत चिकित्सा में नवाचार एवं उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रदर्शित किया। ओर्गेनईजिंग चेयरमैन डॉ बालाजी मनोहर व सेकेटरी डॉ ज्योति कुंडू ने गीतांजली ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, गीतांजली हॉस्पिटल के सीईओ ऋषि कपूर, डॉक्टर्स व सम्पूर्ण प्रशासन को दो दिवसीय लाइव सर्जरी, एवं हैंड्स-ऑन प्रोग्राम में भरपूर योगदान करने के लिए धन्यवाद अर्जित किया। दो दिवसीय लाइव सर्जरी एवं हैंड्स-ऑन प्रोग्राम के अंतर्गत जयपुर से वरिष्ठ विशेषज्ञ मैक्सिलोफेशियल सर्जन एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. संकल्प मित्तल, राजकीय दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, जयपुर द्वारा जायगोमैटिक इम्प्लांटोलॉजी एवं इमीडिएट इम्प्लांट मैनेजमेंट के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति कुंडू द्वारा इम्प्लांट प्रॉस्थेसिस के रिहैबिलिटेशन पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें इम्प्लांट के पश्चात् कार्यात्मक एवं एस्थेटिक पुनर्स्थापन की उन्नत तकनीकों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने जटिल क्लिनिकल परिस्थितियों में उपचार योजना, सर्जिकल प्रोटोकॉल तथा सफल परिणामों के लिए आवश्यक आधुनिक तकनीकों पर अपने अनुभव साझा किए, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध जानकारी प्राप्त हुई।

### ‘साइबर अटैक्स से बचने के लिए सावधाना जरुरी’

**उदयपुर।** साइबर हमलों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सावधानी और सतर्कता ही सबसे मजबूत कवच है। यह विचार जिला विधिक सेवा प्राधिकरणके सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा ने शनिवार को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू) के एमडीएस गर्ल्स हॉस्टल में राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किए। एडीजे शर्मा ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के गुर बताए। शर्मा ने कहा कि साइबर स्टॉकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड और महिलाओं के विरुद्ध डिजिटल अपराधों से बचाव के लिए राज सिटिजन ऐप का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने ऐप का लाइव डेमो दिखाते हुए इसके फंक्शन बताए, जैसे शिकायत दर्ज करना, हेल्पलाइन नंबर और जागरूकता फॉर्म। भारत न्याय संहिताओं के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने एनएलएसए एवं दालसा जैसी संस्थाओं की भूमिका पर जोर दिया। लगभग 70 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें लॉ, सोशल साइंस, ह्यूमैनिटीज, इंजीनियरिंग और फार्मेसी की छात्राएं शामिल थीं। सांतोष जी ने भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया। छात्राओं के सवालों पर विचारोत्तेजक चर्चा हुई। एडीजे शर्मा ने चेताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए संदिग्ध लिंक न खोलें, मजबूत पासवर्ड रखें और तत्काल रिपोर्ट करें। यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। इस आयोजन में डॉ गरिमा मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर महिला अध्ययन व छात्रावास अधीक्षक, एडवोकेट यशस्वी एवं संतोष मेनारिया आदि मौजूद थे।

### आदेश के बाद चलेगा बुलडोजर

**उदयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट के नेशनल हाईवे से अतिक्रमण हटाने संबंधी आदेश के बाद अब उदयपुर जिले में भी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। हाईकोर्ट के समक्ष पेश आंकडों में उदयपुर जिले के 29 चिन्हित अतिक्रमण दर्ज हैं जिन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने हिम्मत सिंह गहलोत बनाम राजस्थान राज्य जनहित याचिका में यह रिपोर्टेबल जजमेंट में जो डेटा अंकित थे उसमें उदयपुर जिले में 29 अतिक्रमण चिहिन्त किए गए है और उदयपुर संभाग के अन्य जिलों में भी हाईवे किनारे ये अतिक्रमण है।गौरतलब है कि हाईवे की सडक सीमा के सेंटर पॉइंट से 75 मीटर तक किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब संबंधित विभागों की ओर से इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। इसमें नेशनल हाईवे,सार्वजनिक निर्माण विभाग की टीम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार करेंगे। संबंधित एसडीएम के साथ अभियान के रूप में कार्रवाई की योजना तैयार की जाएगा।

## 351 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकली शिव यात्रा

**उदयपुर ।** झीलों की नगरी में महाशिवरात्रि से एक दिन पहले शनिवार को शहर की सड़कों पर आस्था का सैलाब उमड पडा। शिव दल मेवाड की ओर से आयोजित 46वीं विशाल शिव यात्रा ने पूरे शहर को शिवमय कर दिया।

टाउन हॉल से शुरू हुई इस यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए जो महादेव के जयकारों के साथ आगे बढ रहे थे। शिव दल के संरक्षक मनीष मेहता ने बताया कि संगठन की ओर से निकाली जाने वाली इस शिव यात्रा का यह 46वां साल है। यात्रा की शुरुआत से पहले टाउन हॉल परिसर में विधि.विधान से महाआरती की गई। इसके बाद यात्रा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो के लिए रवाना हुई।


**हेतुक दर्शित करने के लिये सूचना**
**साधारण प्रारूप**
**न्यायालय श्री सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) नाथद्वारा जिला राजसमन्द**

हरप्रित कोर व अन्य बनाम बृजलाल व अन्य
प्रकरण संख्या 2026/64 प्रा.पत्र
प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 251 ए रा.टी. एक्ट

प्रषिति
1. श्री बृजलाल पिता मालजी पारीख निवासी नाथद्वारा
2. कालु सिंह पिता गमेर सिंह
3. कमला कुंवर पत्नी गमेर सिंह
4. नारायण सिंह पुत्र गमेर सिंह
2. केसर बाई के विधिक उत्तराधिकारी
1. भंवरसिंह पिता हेमसिंह 2. मानसिंह पिता हेमसिंह
3. तेजसिंह के विधिक उत्तराधिकारी
1. सेसरकुंवर पत्नी तेजसिंह 2. गोविन्दसिंह पिता तेजसिंह
3. रामसिंह पिता तेजसिंह 4. रीनाकुंवर पुत्री तेजसिंह
4. भंवरसिंह के विधिक उतराधिकारी
1. विजयसिंह पिता भंवरसिंह 2. गीताकुंवर पत्नी भंवरसिंह
2. शकरसिंह के विधिक उतराधिकारी
1. अन्नकुंवर पत्नी शंकरसिंह
5. मोहिनीबाई के विधिक उतराधिकारी
1. माधुसिंह पिता सवसिंह

सभी निवासी मंडीयाणा तहसील नाथद्वारा जिला राजसमंद

प्रार्थी उक्त हरप्रित कोर व अन्य ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि उक्त आवेदन के विरूद्ध हेतु दर्शित करने के लिये दिनांक 25-02-2026 को 10.00 बजे पूर्वाहं में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जावेगा। यह आज दिनांक 13.2.26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

मुहर

आज्ञा से
सहायक कलक्टर
(उपखण्ड अधिकारी) नाथद्वारा



**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामिर/2026/17626 दिनांक : 5.2.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टा शुद्वा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति कापता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री रूप सिंह चौहान पिता श्री नाहर सिंह चौहान निवासी-मादरेचो का गुढा, खमनोर | भूखण्ड संख्या-20 क्षैत्रफल- 1251 वर्गफिट, मोहन विहार आवासीय कॉलोनी बागोल रोड, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-21 | भूखण्ड संख्या-19 | भूखण्ड संख्या-27 | 200 फिट रोड |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा